भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 508
06 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत जारी की गई धनराशि

508. श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों में से प्रत्येक और वर्तमान वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत आंध्र प्रदेश को जारी की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कोई प्रस्ताव अनुमोदन के लिए लंबित है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे विलंब के क्या कारण हैं; और

(घ) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान मंत्रालय द्वारा अनुमोदित उपरोक्त प्रस्तावों से लाभान्वित मछुआरों का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार 2020-21 से 2024-25 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) लागू कर रही है । पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान, मछुआरों के कल्याण सहित राज्य में मत्स्यपालन के विकास के लिए पीएमएमएसवाई के तहत 658.74 करोड़ रुपये के केंद्रीय अंश के साथ 2337.18 करोड़ रुपये की कुल लागत पर आंध्र प्रदेश सरकार के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है । उक्त केंद्रीय अंश में से राज्य सरकार द्वारा उपयोग की गई निधि के आधार पर पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश सरकार को 341.979 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। पीएमएमएसवाई के तहत आंध्र प्रदेश को जारी केंद्रीय निधि का वर्ष-वार विवरण इस प्रकार है

क्रम सं	वर्ष	जारी की गई निधियाँ (रु/ लाख में)
1	2020-21	5554.12
2	2021-22	13105.85
3	2022-23	15537.97
	कुल	**34197.94**

(ख) और (ग): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ने पीएमएमएसवाई के दिशानिर्देश के अनुसार आंध्र प्रदेश सरकार से प्राप्त सभी व्यवहार्य प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है।

(घ): आंध्र प्रदेश सरकार की रिपोर्ट के अनुसार पीएमएमएसवाई के तहत लाभान्वित मछुआरों का वर्ष-वार और जिला-वार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

****

अनुबंध- I

06 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत जारी धनराशि के संबंध में लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 508 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण- पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान पीएमएमएसवाई के तहत लाभान्वित वर्षवार और जिलेवार लाभार्थी

क्रम सं	**जिलों के नाम**	**पीएमएमएसवाई के तहत लाभान्वित लाभार्थी**			
		2020-21	2021-22	2022-23	2023- 24
1	श्रीकाकुलम	112	13741	13683	15287
2	पी. मन्यम	33	51	41	0
3	विजयनगरम	74	2450	2365	2956
4	एएसआर	11	8	0	0
5	विशाखापत्तनम	38	19510	9742	12427
6	अनकापल्ली	112	54	9817	11958
7	कोनासीमा	28	80	13020	9777
8	काकीनाडा	56	60	12969	13764
9	पूर्वी गोदावरी	38	25928	30	0
10	एलुरु	40	128	49	0
11	पश्चिम गोदावरी	20	1268	1285	1387
12	कृष्णा	59	9135	9094	12774
13	एनटीआर	51	55	19	0
14	बापतला	72	84	5998	11446
15	पलनाडु	213	16	51	0
16	गुंटूर	42	5905	15	0
17	प्रकाशम	119	9450	9362	4463
18	एसपीएसआर नेल्लोर	163	11831	5868	22238
19	तिरुपती	119	114	5845	4523
20	नंदयाला	46	54	24	0
21	कुरनूल	19	59	6	0
22	वाईएसआर कडपा	18	28	0	0
23	अन्नमय्या	28	14	27	0
24	श्री सत्य साईं	13	26	13	0
25	अनंतपुर	74	52	7	0
26	चित्तूर	26	38	22	0

****